सं.ए-12025/04/2006-प्रशा.

भारत सरकार

# वस्त्र मंत्रालय

## विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय

पश्चिमी खण्ड-7, रामकृष्ण पुरम, नई दिल्ली - 110066

**विषय : वेतन मैट्रिक्स के लेवल-6 (रु. 35400-112400) में प्रतिनियुक्ति आधार पर वरिष्ठ लेखाकार के पद पर भर्ती के संबंध में.**

वरिष्ठ लेखाकार (समूह 'ख', अराजपत्रित) कैडर के दो (02) पद लेवल-6 (रु. 35400-112400) में केंद्रीय/राज्य सरकार /संघ शासित राज्यों के अधीन कार्यरत अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति आधार पर भरे जाने का प्रस्ताव है. वर्तमान में पदों का मुख्यालय नई दिल्ली एवं कोलकाता में है. तथापि, **वरिष्ठ लेखाकार** के पद पर चयनित पदधारी देश के किसी भी भाग में कार्य करने के लिए उत्तरदायी होंगे.

प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति के नियम और शर्तें इस संबंध में समय-समय पर जारी होने वाले केंद्रीय सरकार के नियमों एवं आदेशों के अनुसार होंगे. पद की पात्रता शर्तें अनुबंध-I में दी गई हैं.

पद के लिए आवेदन करने वाले इच्छुक अभ्यर्थियों जिन्हें अल्प समय के नोटिस पर कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदन अनुबंध - II में दिए गए निर्धारित प्रपत्र के अनुसार, अवर सचिव श्रेणी के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित उनकी पिछले 05 वर्षों की अद्यतन वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट, सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र, सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और पिछले 10 वर्षों के दौरान लगाए गए, किसी बड़े/छोटे दण्ड के विवरण सहित उचित माध्यम से इस प्रकार अग्रेषित किए जाएं कि इस विज्ञापन के **रोज़गार समाचार/एम्प्लॉयमेंट न्यूज़ में प्रकाशित होने की तारीख से 02 माह के भीतर सहायक निदेशक (प्रशा.), विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, पश्चिमी खंड 7, आर के पुरम, नई दिल्ली-110066 को अवश्य पहुंच** जाएं. अपूर्ण आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे.

पद के लिए आवेदन किए जाने वाले लिफाफे पर 'प्रतिनियुक्ति आधार पर वरिष्ठ लेखाकार के पद के लिए आवेदन' लिखा होना चाहिए. ऐसे आवेदन, जिनके साथ उपर्युक्त दस्तावेज़ संलग्न नहीं होंगे अथवा जो अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होते हैं अथवा अपूर्ण होंगे अथवा उचित माध्यम से नहीं भेजे गये हों उन पर विचार नहीं किया जाएगा.

यह विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) के अनुमोदन से जारी किया जाता है.

4. शैक्षणिक अर्हताएं : ..........

5. **धारित पद** :

   (क) वर्तमान पद का नाम एवं सेवा : ..........

   (ख) क्या नियमित अथवा तदर्थ आधार पर कार्यरत हैं : ..........

   (ग) तारीख, जब से वर्तमान पद पर कार्यरत हैं : ..........

   (घ) वेतनमान : ..........

   (ङ) वर्तमान पद : ..........

   (च) मूल पद का नाम, यदि कोई हो : ..........

   (छ) मूल पद का वेतनमान : ..........

   (ज) मूल पद पर लिया गया अंतिम वेतन : ..........

   (झ) केंद्रीय सरकार में नियमित सेवा की तारीख : ..........

6. अपेक्षित विषय/क्षेत्र में अनुभव, यदि कोई हो : ..........

7. सेवा का ब्यौरा : ..........

| क्रमांक | धारित पद का नाम | वेतनमान | क्या नियमित/तदर्थ/ प्रतिनियुक्ति आधार पर है | नियोक्ता का नाम | अवधि | | निष्पादित कार्यों का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | से | तक | |
| 1. | | | | | | | |
| 2. | | | | | | | |
| 3. | | | | | | | |
| 4. | | | | | | | |

(आस्था अग्रवाल)
सहायक निदेशक (प्रशा.)

अनुबंध - I

**विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, नई दिल्ली एवं कोलकाता में प्रतिनियुक्ति आधार पर लेवल-6 (रु. 35400-112400 रुपए) में वरिष्ठ लेखाकार के पद के लिए पात्रता शर्तें.**

1. **पद का नाम** : वरिष्ठ लेखाकार
2. **वेतनमान** : लेवल-6 (रु. 35400-112400 रुपए) (पूर्व-संशोधित पीबी-2, 9300-34800 रुपए, ग्रेड पे 4200/-रुपये)
3. **अनिवार्य अर्हताएं** : केंद्र सरकार/राज्य सरकार/संघ शासित राज्यों के अधिकारी वे अधिकारी जो केंद्र सरकार के अधीन समकक्ष पदधारी हो. और जिन्होंने आईएसटीएम, नई दिल्ली में सफलतापूर्वक नकद एवं लेखा प्रशिक्षण या किसी भी संगठित लेखा विभाग में अधीनस्थ लेखा सेवा को पूरा किया हो.

नोट : फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी, जो पदोन्नति की सीधी लाइन में हैं, वे प्रतिनियुक्ति हेतु पात्र नहीं है. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्त पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु पात्र नहीं है.

(प्रतिनियुक्ति की अवधि इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित दूसरे संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित केंद्र सरकार के उसी अथवा किसी अन्य संगठन/विभाग में साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए).

अनुबंध - II

**विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, नई दिल्ली एवं कोलकाता में प्रतिनियुक्ति आधार पर लेवल-6 (रु. 35400-112400 रुपए) में वरिष्ठ लेखाकार के पद के लिए आवेदन पत्र**

1. प्रार्थी का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) : ..........................................
2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) : ..........................................
3. केंद्रीय सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवा-निवृत्ति की तारीख : ..........................................

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | | | | | | | | |
| 5. | | | | | | | | |
| 6. | | | | | | | | |

8. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंध रखते हैं : ..........................................
9. विशेष योग्यताएं/अनुभव, यदि कोई हो : ..........................................
10. पिछले संवर्ग-बाह्य पद से लौटने की तिथि, यदि कोई हो : ..........................................

**दिनांक :** ..................
**स्थान :** ..................

**आवेदक का नाम** ............
**हस्ताक्षर** ..........................

पंजीकृत डाक द्वारा

**(आवेदन अग्रेषित करने वाले कार्यालय द्वारा भरा जाए)**

श्री/श्रीमती/सुश्री ................ का प्रतिनियुक्ति आधार पर वरिष्ठ लेखाकार के पद हेतु आवेदन **विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), पश्चिमी खंड 7, राम कृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 को विचारार्थ** अग्रेषित किया जाता है.

श्री/श्रीमती/सुश्री ................ का एसीआर/एपीएआर डोजियर, जिसमें उनके वर्ष..........से .................. तक की एसीआर/एपीएआर है, भी इसके साथ भेजी जा रही है. प्रमाणित किया जाता है श्री/श्रीमती/सुश्री ................................. की स्थिति सतर्कता दृष्टि से बेदाग है तथा उनके विरुद्ध कोई भी अनुशासनात्मक मामला/कार्यवाही लंबित /अपेक्षित नहीं है.

श्री/श्रीमती/सुश्री ................ द्वारा कॉलम-1 से 10 तक में दी गई जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सही है. यदि इनका आवेदित पद हेतु चयन हो जाता है, तो श्री/श्रीमती/सुश्री ............... को अल्प सूचना पर भार मुक्त कर दिया जाएगा.

हस्ताक्षर.........................
नाम .........................
पदनाम .........................
कार्यालय की सील.........................

**फाइल सं.**................
**दिनांक** ....................
**स्थान** ......................

**सीबीसी 41103/11/0004/2324**

रो.स. 12/95